प्रेस विज्ञप्ति
दिनांकः- 15.10.2021

# महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

## विजयदशमी के उपलक्ष्य पर सुरक्षा के दृष्टिगत एडीएम/एएसपी के द्वारा थाना पनवाड़ी में एवं सीओ कुलपहाड़ द्वारा थाना कुलपहाड़ में पुलिस बल के साथ पैदल गस्त कर की गई संदिग्ध व्यक्तियों/वाहनों की चेकिंग






आज दिनाँक 15.10.2021 को पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती सुधा सिंह के कुशल निर्देशन में जनपद में शान्ति/कानून-व्यवस्था के मद्देनजर विजयदशमी के उपलक्ष्य में अपर जिलाधिकारी श्री आर0एस0वर्मा एवं अपर पुलिस अधीक्षक श्री आर0के0गौतम के द्वारा थाना पनवाड़ी में थाना पुलिस बल के साथ पैदल गस्त कर आमजनमानस में सुरक्षा का एहसास कराया गया तथा इसी क्रम में क्षेत्राधिकारी कुलपहाड़ श्री तेजबहादुर सिंह द्वारा दशहरा व मूर्ति विसर्जन के कार्यक्रम को ध्यान में रखते हुए शान्ति व्यवस्था बनाये रखने हेतु प्रभारी निरीक्षक कोतवाली कुलपहाड़ के साथ मय पुलिस बल के कस्बा कुलपहाड़ में पैदल गस्त किया गया एवं समस्त थानों द्वारा अपने थाना क्षेत्र के मुख्य बाजार, धार्मिक-स्थल, बस-स्टैण्ड, ढाबा, दुर्गा पंडालों आदि जगहो पर पैदल गस्त करके संदिग्ध वाहनों/व्यक्तियों की चेकिंग की गई तथा सुरक्षा के दृष्टिगत मन्दिरों में पुलिस तैनात किया गया है, साथ ही लोगो को कोविड संक्रमण की तीसरी लहर के प्रति सचेत करते हुए मास्क का प्रयोग व 02 गज की दूरी सहित कोविड गाइडलाइन का पालन करने की अपील की गई। इसी क्रम में जनपदीय पुलिस द्वारा शराब कि दुकानों का निरीक्षण किया गया एवं सेल्समैन को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

यातायात नियमो के उल्लंघन पर 53 ई-चालान किये गये।











# महोबा पुलिस

**प्रेस विज्ञप्ति**

**दिनांकः- 15.10.2021**

**मीडिया सेल, महोबा**

## एडीएम/एएसपी ने थाना पनवाड़ी का किया औचक निरीक्षण संबंधित को दिए आवश्यक दिशा निर्देश





आज दिनांक 15.10.2021 को पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती सुधा सिंह के निर्देशन में एडीएम श्री आर0एस0वर्मा0 एवं एएसपी श्री आर0के0गौतम द्वारा विजयदशमी के उपलक्ष्य पर थाना पनवाड़ी का औचक निरीक्षण किया गया, निरीक्षण के दौरान कोविड केयर डेस्क और साथ ही महिला हेल्प डेस्क की समीक्षा की गई थाना स्तर पर जो भी शिकायतें आई हैं उनको रिकॉर्ड कर कंप्यूटर में फीड़ किया जा रहा है और पावती दी जा रही है, थाना पनवाड़ी में क्राइम की समीक्षा की गई है जिसमें महिला अपराध से सम्बन्धित कुछ मामलों में वांछित जो प्रीवेंटिव कार्यवाही हैं उसको बढ़ाने पर जोर देने के लिए और सीसीटीएनएस और जो रिकॉर्ड है अप टू डेट करने के लिए कहा गया।

तत्पश्चात थाना कार्यालय के अभिलेखो का अवलोकन किया गया । जिसमें रजि0नं0-4 व 8 तथा फ्लाई शीट, भूमि-विवाद रजि0, महिला उत्पीडन रजि0, एससी/एसटी उत्पीड़न रजि0, माल रजि0 सहित आदि रजिस्टरों को चेक किया गया तथा माल निस्तारण हेतु सम्बन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये।

इसी क्रम में निर्माणाधीन बिल्डिंग का भी निरीक्षण किया गया जिसमें निर्माण कार्य करने वाली कार्यदायी संस्था को अतिशीघ्र गुणवत्तापूर्ण सामग्री के साथ कार्य करने के निर्देश दिये गये हैं जिससे जनपदीय पुलिस के जवानों की रहने सम्बन्धी असुविधा को दूर किया जा सके।

इस दौरान प्रभारी निरीक्षक पनवाड़ी दीपक कुमार पाण्डेय व अन्य अधिकारी/कर्मचारीगण मौजूद रहे।







प्रेस विज्ञप्ति
दिनांकः- 15.10.2021

# महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

## एसपी महोबा द्वारा थाना कुलपहाड़ का किया गया औचक निरीक्षण संबंधित को दिए आवश्यक दिशा निर्देश.......




आज दिनांक 15.10.2021 को पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती सुधा सिंह के द्वारा विजयदशमी के उपलक्ष्य पर थाना कुलपहाड़ का औचक निरीक्षण किया गया तथा निरीक्षण के दौरान नियुक्त कर्मचारी व अधिकारियों को विजयदशमी की हार्दिक शुभकामनायें दी गयी तथा  कोविड केयर डेस्क और साथ ही महिला हेल्प डेस्क की समीक्षा की गई थाना स्तर पर जो भी शिकायतें आई हैं उनको रिकॉर्ड  कर कंप्यूटर में फीड़ किया जा रहा है और पावती दी जा रही है इसके संबंध में निर्देशित किया,  थाना कुलपहाड़ में क्राइम की समीक्षा की गई है जिसमें महिला अपराध से सम्बन्धित कुछ मामलों में वांछित जो प्रीवेंटिव कार्यवाही हैं उसको बढ़ाने पर जोर देने के लिए और सीसीटीएनएस और जो रिकॉर्ड है अप टू डेट करने के लिए कहा गया।

तत्पश्चात थाना कार्यालय के अभिलेखो का अवलोकन किया गया । जिसमें रजि0नं0-4 व 8 तथा फ्लाई शीट, भूमि-विवाद रजि0, महिला उत्पीडन रजि0, एससी/एसटी उत्पीड़न रजि0, माल रजि0 सहित आदि रजिस्टरों को चेक किया गया तथा माल निस्तारण हेतु सम्बन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये।

इसी क्रम में निर्माणाधीन बिल्डिंग का भी निरीक्षण किया गया जिसमें निर्माण कार्य करने वाली कार्यदायी संस्था को अतिशीघ्र गुणवत्तापूर्ण सामग्री के साथ कार्य करने के निर्देश दिये गये हैं जिससे जनपदीय पुलिस के जवानों की रहने सम्बन्धी असुविधा को दूर किया जा सके।

इस दौरान क्षेत्राधिकारी श्री तेजबहादुर सिंह पीआरओ राजेश मौर्या, प्रभारी निरीक्षक कुलपहाड़ महेन्द्र प्रताप सिंह व अन्य अधिकारी/कर्मचारीगण मौजूद रहे।




प्रेस विज्ञप्ति

दिनांकः- 15.10.2021

# महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

## विजयदशमी के उपलक्ष्य पर सुरक्षा के दृष्टिगत एसपी महोबा द्वारा  थाना कुलपहाड़ में पुलिस बल के साथ किया गया पैदल गस्त तथा पीआरवी 1265 का निरीक्षण कर कमांण्डरों को दिए आवश्यक दिशा निर्देश



आज दिनाँक 15.10.2021 को पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती सुधा सिंह द्वारा सुरक्षा के दृष्टिगत शान्ति/कानून-व्यवस्था के मद्देनजर विजयदशमी के उपलक्ष्य में क्षेत्राधिकारी कुलपहाड़ श्री तेजबहादुर सिंह के साथ थाना कुलपहाड़ में पुलिस बल के साथ पैदल गस्त कर आमजनमानस में सुरक्षा का एहसास कराया गया तथा दशहरा व मूर्ति विसर्जन के कार्यक्रम को ध्यान में रखते हुए शान्ति व्यवस्था बनाये रखने हेतु दुर्गा पण्डांलो का निरीक्षण कर संचालको को मूर्ति विसर्जन के संबंध में दिए आवश्यक दिशा निर्देश एवं पीआरवी 1265 को चेक किया गया चकिंग के दौरान इवेंट रजिस्टर को चेक किया गया तथा पीआरवी कमाण्डरों को इवेंट टाइम और बेहतर करने के संबंध में दिए आवश्यक दिशा निर्देश। साथ ही लोगो को कोविड संक्रमण की तीसरी लहर के प्रति सचेत करते हुए मास्क का प्रयोग व 02 गज की दूरी सहित कोविड गाइडलाइन का पालन करने की अपील की गई।



Mahoba Police